हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 9 जुलाई 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 आरोपी किन्नर का भेष बनाकर चाकू की नोक पर...



07 एसडीएम ने दिव्यांग बच्चों वाले किसान की सुनी...



## खबर संक्षेप

### शासकीय छात्रावासों में प्रवेश के लिए आवेदन 20 जुलाई तक

**सीहोर।** राज्य शिक्षा केन्द्र, स्कूल शिक्षा विभाग ने संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक/बालिका शासकीय छात्रावासों में रिक्त स्थानों पर प्रवेश के लिए अंतिम चरण में 20 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। इस वर्ष से प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन की गई है। इसके लिए विभाग ने एजुकेशन पोर्टल 3.0 के माध्यम से विशेष होस्टल प्रबंधन प्रणाली विकसित की है। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह ने बताया कि, प्रदेश में संचालित छात्रावासों में विशेष रूप से वंचित वर्गों की बालिका/बालक को उच्च प्राथमिक स्तर की शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के लिए पारदर्शी ऑनलाइन प्रवेश प्रणाली प्रारंभ की गई है। यह ई-हॉस्टल प्रबंधन प्रणाली एक समेकित डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसे आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया, सीट आवंटन, अभिलेख संधारण तथा प्रशासनिक कार्यों को ऑनलाइन एवं पारदर्शिता के साथ संचालित करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। यह प्रणाली विशेष रूप से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) टाइप- प्रथम एवं तृतीय एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावास (एनएससीबी) बालक/बालिका छात्रावासों के पारदर्शी प्रबंधन एवं उनमें प्रवेश की सुविधा के लिए विकसित की गई है।

### निजी स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश के लिए तीसरे चरण की प्रक्रिया प्रारंभ

**सीहोर।** प्रदेश में शिक्षा का अधिकार कानून अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए तीसरे चरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके अंतर्गत 8 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र, स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक को निर्देश भी जारी कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, इसके लिए निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12 (1) (ग) के अंतर्गत पात्र बच्चों को अशासकीय, गैर-अनुदान प्राप्त निजी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश दिया जाता है, जिसका शुल्क प्रदेश सरकार वहन करती है। प्रदेश में आरटीई के अंतर्गत प्रथम एवं द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। द्वितीय चरण की प्रक्रिया के बाद जिन विद्यालयों में सीटें रिक्त रह गई हैं, उन सभी विद्यालयों को उनकी रिक्त सीटों सहित द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया के लिए पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया है।

### मां पहुंची कलेक्ट्रेट: रोते हुए बोलीं, धोखेबाज बेटों से वापस दिलाओ मेरी जमीन

# जमीन मिलते ही बेटों ने मां को कर दिया पराया, दाने-दाने को हुई मोहताज

बुजुर्ग महिला वक्ता बाई ने जनसुनवाई में अतिरिक्त कलेक्टर को अपनी आपबीती सुनाते हुए कहा कि पति की मौत के बाद वे बेसहारा महसूस कर रही थीं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



एक मां अपने बच्चों को पालने-पोसने और उनका भविष्य संवारने के लिए अपनी पूरी जिंदगी लगा देती है, लेकिन जब वही बच्चे बड़े होकर मां की लाठी बनने के बजाय उसकी लाचारी का फायदा उठाने लगें तो समाज और रिश्तों पर सवाल उठना लाजिमी है। ऐसा ही एक दिल दुखाने वाला मामला रेहटी तहसील के ग्राम मोगरा से सामने आया है। यहां की 95 वर्षीय बुजुर्ग मां वक्ता बाई को अपने ही खून से ऐसा धोखा मिला कि इस उम्र में उन्हें न्याय के लिए व्हीलचेयर पर बैठकर कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में गुहार लगानी पड़ी।

पीड़ित बुजुर्ग महिला वक्ता बाई ने जनसुनवाई में अतिरिक्त कलेक्टर को अपनी आपबीती सुनाते हुए कहा कि पति की मौत के बाद वे बेसहारा महसूस कर रही थीं। उन्होंने अपने तीनों बेटों पर भरोसा करके अपनी 15 एकड़ उपजाऊ और कीमती जमीन तीनों में बराबर-बराबर बांट दी। जमीन की रजिस्ट्री कराते समय कलयुगी बेटों ने बड़े-बड़े वादे किए थे। उन्होंने मां को भरोसा दिलाया था कि वे जीवनभर उनकी सेवा करेंगे और हर महीने खर्चे के लिए 10-10 हजार रुपये (कुल 30 हजार रुपये) भरण-पोषण के तौर पर देंगे।

#### रजिस्ट्री का कागज हाथ में आते ही बदला रंग

बुजुर्ग मां का आरोप है कि बेटों की नीयत में खोट था। जमीन कानूनी रूप से अपने नाम होते ही कुछ ही महीनों में उनके तेवर बदल गए। बेटों ने बूढ़ी मां को न सिर्फ पैसे देना बंद कर दिया, बल्कि उनकी सुध लेना भी छोड़ दिया। आज 95 साल की उम्र में जब शरीर साथ नहीं देता, वक्ता बाई को रोटी और दवाई जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए भी दूसरों के आगे हाथ फैलाना पड़ रहा है।

#### वापस दिलाई जाए जमीन

बुजुर्ग मां ने अब प्रशासन से अपनी जमीन वापस मांगी है। उन्होंने रोते हुए कहा जब मेरे बेटे ही मेरे नहीं रहे तो मेरी जमीन पर उनका कोई हक नहीं होना चाहिए। प्रशासन उनसे मेरी जमीन वापस दिलाए।

## भाजपा सरकार में भगवान के मंदिर सुरक्षित नहीं वो जनता और देश को क्या सुरक्षित रखेंगे: कमलेश कुमार



**सीहोर।** बहुजन समाजपार्टी सीहोर की विधानसभा स्तरीय संगठन समीक्षा बैठक खण्डवा जोड़ मैरिज गार्डन में रखी गई बैठक के मुख्यातिथि जियालाल अहिरवार प्रदेश प्रभारी बसपा एवं विषेश अतिथि एडवोकेट कमलेश कुमार जोन प्रभारी बसपा भोपाल रहे,बैठक में विधानसभा के संगठन की समीक्षा श्री जियालाल ने बारीकी से समीक्षा कर दिशा निर्देश दिए की सेक्टर के बाद हमें पोलिंगों पर मजबूत कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देनी है, अगर कोई पदाधिकारी निष्क्रिय है उसे तत्काल बदलें ,जो पदाधिकारी किसी कारणवश सक्रिय नहीं रह सकते वे कार्यकर्ता बनकर कार्य करें और जो अच्छा कार्य कर रहे हैं। विषेश अतिथि के रूप में उपस्थित एडवोकेट कमलेश कुमार ने कहा कि सीहोर में बसपा मजबूत विकल्प बनती है तो कांग्रेस को कोई वोट नहीं देगा और वर्तमान भाजपा सरकार में जो लूट मजी है क्षेत्र एवं देशवासी सब समझ रहे हैं। हर स्तर पर लूट मची है, भाजपा ने जिस भगवान राम के नाम पर सरकार बनाई उनके मंदिर को ही लुटवा दिया वो देशवासियों और देश को क्या सुरक्षित रखेंगे। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष संजीव बौद्ध, पूर्व जिला प्रभारी अनोखीलाल मालवीय,डी. बी. बड़ोदिया जिला सचिव ने भी बैठक में आवश्यक सुझाव रखे ,बैठक की अध्यक्षता धीरब अहिरवार विधानसभा अध्यक्ष ने की बैठक में प्रमुख रूप से धनराज सिंह थरेले, नवीन भैरवे, थान सिंह अहिरवार, कृपाल अहिरवार, देवपकाश वर्मा,बने सिंह नेताजी, विक्रम सूर्यवंशी, देवराज मालवीय,कमल कोरवे आदि कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पिछले साल के मुकाबले इस बार बारिश की बेहतर स्थिति, किसानों के चेहरे खिले



**सीहोर।** जिले में मानसून पूरी तरह से सक्रिय है और झमाझम बारिश का दौर लगातार जारी है। मंगलवार सुबह करीब 11.30 बजे से ही जिला मुख्यालय हिस्सों में तेज बरसात शुरू हो गई, जिससे मौसम खुशनुमा हो गया। जिला भू.अभिलेख शाखा से मिले आंकड़ों के मुताबिक जिले में पिछले 24 घंटों में जिले में औसतन 1.57 इंच बारिश दर्ज की गई है। इसके साथ ही 1 जून से लेकर 7 जुलाई तक जिले में कुल औसत वर्षा का आंकड़ा 12.68 इंच तक पहुंच गया है।

पिछले 24 घंटों के दौरान जिले के जावर और आष्टा क्षेत्रों में सबसे तेज बारिश रिकॉर्ड की गई है। जावर में 2.72 इंच और आष्टा में 2.28 इंच पानी गिरा। इसके अलावा रेहटी में भी 2.14 इंच वर्षा दर्ज की गई, जिससे नदी-नाले उफान पर आ गए हैं। सीहोर मुख्यालय पर 1.74 इंच बारिश हुई, जिससे कुल वर्षा 10.81 इंच हो गई है। श्यामपुर में 0.75 इंच बारिश दर्ज की गई और कुल वर्षा 7.39 इंच है। इछावर में 0.98 इंच बारिश के साथ कुल वर्षा 13.54 इंच तक पहुंच गई है। आष्टा में 2.28 इंच बारिश के बाद सीजन की कुल वर्षा 18.03 इंच हो गई है, जो जिले में सर्वाधिक है। जावर में 2.72 इंच बारिश के साथ कुल आंकड़ा 15.46 इंच दर्ज किया गया है। भैरूंदा में 0.59 इंच और बुधनी में 1.38 इंच बारिश हुई, जिससे इनकी कुल वर्षा क्रमशः 15.04 इंच और 9.76 इंच हो गई है। रेहटी में 2.14 इंच बारिश के बाद कुल आंकड़ा 11.36 इंच है।

#### पिछले साल के मुकाबले इस बार बेहतर स्थिति

मौसम विभाग और भू अभिलेख के आंकड़ों की तुलना करें तो इस साल अब तक पिछले वर्ष के मुकाबले अधिक पानी गिर चुका है। गत वर्ष आज ही के दिन 7 जुलाई तक जिले में कुल वर्षा 293.5 मिमी दर्ज की गई थी, जबकि इस साल अब तक 322.0 मिमी बारिश हो चुकी है।

#### किसानों के चेहरे खिले

लगातार हो रही इस मानसूनी बारिश से जिले के अन्नदाताओं के चेहरे खिल गए हैं। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार यह बारिश सोयाबीन, मक्का और धान जैसी खरीफ की फसलों के लिए बेहद फायदेमंद है। जिन किसानों ने हाल ही में बोनी की थी, उनकी फसलों को इस पानी से नया जीवनदान मिलेगा और फसलों की ग्रोथ अच्छी होगी।

## दिव्यांग का पीएम आवास निर्माण रोका: दबंगों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप, प्रशासन से मदद मांगी

**सीहोर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत पक्का मकान बनवाना सीहोर जिले के एक दिव्यांग के लिए मुश्किल बन गया है। पीड़ित का आरोप है कि गांव के कुछ प्रभावशाली लोग उसकी जमीन पर निर्माण कार्य नहीं होने दे रहे हैं। विरोध करने पर उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। न्याय की मांग को लेकर वह परिवार सहित जनसुनवाई में पहुंचा।

मामला दोराहा तहसील के ग्राम पीपलखेड़ा का है। यहां के निवासी दिव्यांग सुखवेंद्र दांगी को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान बनाने की स्वीकृति मिली है। उनका आरोप है कि गांव का एक प्रभावशाली परिवार निर्माण कार्य शुरू होते ही लाठी-डंडों के साथ पहुंच जाता है और काम बंद करा देता है।

#### मजदूरों को धमकाकर भगा देते हैं

सुखवेंद्र दांगी ने अतिरिक्त कलेक्टर को दिए आवेदन में बताया कि निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को डराकर भगा दिया जाता है। विरोध करने पर उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकियां दी जाती हैं। उनका कहना है कि इस वजह से वह अपने ही मकान का निर्माण नहीं करा पा रहे हैं। पीड़ित ने आवेदन में यह भी दावा किया है कि जिस परिवार पर आरोप लगाए गए हैं, उसके कुछ सदस्यों पर पहले से आपराधिक



प्रकरण दर्ज हैं। इसी कारण उनका परिवार लगातार भय के माहौल में जी रहा है।

#### सुरक्षा और कार्रवाई की मांग

प्रताड़ना से परेशान होकर सुखवेंद्र दांगी परिवार के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और अतिरिक्त कलेक्टर को आवेदन सौंपकर सुरक्षा की मांग की। उन्होंने आवास निर्माण में बाधा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और शांतिपूर्वक मकान बनवाने के लिए प्रशासन से मदद मांगी। जिला प्रशासन ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच के आदेश दिए हैं। स्थानीय पुलिस और राजस्व विभाग को शिकायत की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### चर्च मैदान पर जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता, सीहोर बाइज ने सीहोर चिल्ड्रन को 2-1 से हराया



**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर खिलाड़ियों को मंच देने के लिए हर साल की तरह इस साल भी स्व. कैलाश सारंग की स्मृति में जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को खेले गए जूनियर वर्ग के रोमांचक मैच में सीहोर बाइज ने सीहोर चिल्ड्रन को 2-1 से हराया। इस मैच में सीहोर बाइज की ओर से युवराज-आदित्य ने 1-1 गोल किया। इसके अलावा सीनियर वर्ग के मैच में आरएसआई को सीहोर क्लब ने 3-1 से हराया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि पहला मैच जूनियर वर्ग का खेला गया। इस रोमांचक मैच में सीहोर चिल्ड्रन की ओर से स्ट्राइकर आर्थव ने मैच के 15 वें मिनिट पर गोल को बढ़त दिलाई थी, लेकिन मैच के अंतिम समय में सीहोर बाइज की ओर से युवराज-आदित्य ने 1-1 गोल किया, जिससे सीहोर बाइज ने सीहोर चिल्ड्रन पर 2-1 से विजय हासिल की। वहीं सीनियर वर्ग के एक तरफा मुकाबले में सीहोर क्लब ने आरएसआई को 3-1 से हराया। इस मैच में सीहोर क्लब की ओर से पुष्प, धुरव और अदनान ने 1-1 गोल किया। इधर आरएसआई की ओर से एक मात्र गोल गर्वित ने किया। बुधवार की शाम को जूनियर वर्ग में सीहोर क्लब-एमजी क्लब सीहोर और सीनियर वर्ग में आरएसआई-डीएसवायडब्ल्यू के मध्य खेला जाएगा।

## 58 आवेदनों पर कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई




**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 58 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकंडरी स्कूल में अचीवर्स फेलिसिटेशन सेरेमनी-2026 का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्थानीय दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल, सीहोर में 'अचीवर्स फेलिसिटेशन सेरेमनी-2026' का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी शीलू शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं अंकुर शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत से हुआ।

प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन ने ईश्वर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर मेहनत, आत्मविश्वास एवं साहस के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र दिव्यांश अहीरवार (यूपीएससी आईएफएस एआईआर-127), गौरव अस्थाया (आईआईटी मार्डस) , नितेश यादव एवं




दीपांशु मेवाड़ा (भारतीय थल सेना), ललित वर्मा (भारतीय नौसेना), स्वाति मेवाड़ा (एम.पी. बोर्ड कक्षा 12वीं कला संकाय जिला टॉपर-95 प्रतिशत), नीव सक्सेना (कॉमर्स टॉपर), अन्वेषा राठौर (मैथमेटिक्स टॉपर) तथा लक्ष्मी कुशवाहा (बायोलॉजी टॉपर) को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि शीलू शर्मा, विशिष्ट अतिथि अंकुर शर्मा, संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन एवं प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन ने सभी सम्मानित विद्यार्थियों को शॉल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के योग्य नागरिक तैयार करना है। विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन साक्षी गोगिया ने किया तथा आभार प्रदर्शन छात्रा स्वाति मेवाड़ा ने प्रस्तुत किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ समारोह का गरिमामय समापन हुआ।

## सार्थक एप की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** मध्यप्रदेश कृषि विस्तार अधिकारी संघ, जिला इकाई सीहोर द्वारा मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम कलेक्टर सीहोर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कृषि विस्तार अधिकारियों के लिए सार्थक एप के माध्यम से अनिवार्य उपस्थिति दर्ज कराने की व्यवस्था समाप्त करने की मांग की गई।




संघ ने ज्ञापन में बताया कि प्रदेश सरकार किसानों के हित में अनेक योजनाएं संचालित कर रही है, जिनके क्रियान्वयन में कृषि विस्तार अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। अधिकारियों को प्रतिदिन गांव-गांव जाकर किसानों को योजनाओं की जानकारी देने, तकनीकी मार्गदर्शन करने तथा विभिन्न विभागीय कार्यों का संपादन करना पड़ता है। संघ का कहना है कि वर्तमान में सार्थक एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने की अनिवार्यता के कारण अधिकारियों, विशेषकर महिला कृषि विस्तार अधिकारियों को अनेक व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या, समय पर उपस्थिति दर्ज करने में होने वाली परेशानी तथा क्षेत्रीय कार्यों के दौरान अनावश्यक बाधाएं कार्य क्षमता को प्रभावित कर रही हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि कई बार अधिकारियों को विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य शासकीय दायित्व भी निभाने पड़ते हैं। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया है कि इन व्यावहारिक समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कृषि विस्तार अधिकारियों को सार्थक एप के माध्यम से अनिवार्य उपस्थिति दर्ज कराने की व्यवस्था से मुक्त किया जाए, जिससे वे किसानों के हित में अपने क्षेत्रीय कार्य अधिक प्रभावी ढंग से कर सकें। संघ ने उम्मीद जताई कि राज्य सरकार अधिकारियों की समस्याओं पर सकारात्मक विचार करते हुए शीघ्र उचित निर्णय लेगी।

## खबर संक्षेप

### श्री राम कृष्ण धाम में भगवान के श्रीविग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न



**देवास।** कालानी बाग स्थित श्री राम कृष्ण धाम में चल रहे प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत बुधवार को भगवान के श्रीविग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा का पावन अनुष्ठान विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर भगवान के सहस्त्रनामों के उच्चारण के साथ विशेष हवन संपन्न कराया गया तथा राजोपचार पूजन किया गया। यजमान दंपति ने क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना करते हुए वैदिक आचार्यों के सान्निध्य में विशेष हवन-पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता की। प्रातःकाल भगवान के मंडल, यज्ञ मंडलों का पूजन एवं अर्चन संपन्न हुआ। पूरे मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने भक्ति एवं श्रद्धा के साथ अनुष्ठानों में भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया। आयोजकों ने बताया कि गुरुवार प्रातः भगवान के पूजन एवं आकर्षक श्रृंगार के पश्चात यज्ञ की पूर्णाहुति होगी। इसके बाद महाप्रसादी एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

### 10 को खाटू श्याम मंदिर में सजेगा फूल-बंगला

**देवास।** श्याम प्रभु के सेवक श्याम शर्मा ने बताया कि 10 जुलाई को देवास के अमृत नगर स्थित खाटू श्याम धाम मंदिर में बाबा श्याम का भव्य एवं मनोहारी फूल-बंगला में श्रृंगार किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए पवित्र अखंड ज्योत के दर्शन भी होंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत महिला मंडल की राधा ठाकुर द्वारा संगीतमय श्याम भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके पश्चात बाबा श्याम को 56 भोग अर्पित किए जाएंगे। भोग आरती दोपहर 12 बजे होगी। पूरे दिन मंदिर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खुला रहेगा। सायं 7:30 बजे महाआरती संपन्न होगी।

थाना खातेगांव एवं कन्नौद पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर आरोपी किए गिरफ्तार

# आरोपी किन्नर का भेष बनाकर चाकू की नोक पर लूट की वारदात को देते थे अंजाम

**पुलिस ने लूटा गया सोने का मश्रुका, घटना में प्रयुक्त 02 कार एवं धारदार हथियार बरामद**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

एसपी पुनीत गेहलोद के द्वारा चोरी/लूट/डकैती की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में 02 जुलाई को थाना कन्नौद पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर इंदौर-बैतूल हाईवे स्थित ननासा सर्विस रोड पर डकैती की योजना बना रहे 05 बदमाशों को हथियार एवं एक अल्टो कार सहित गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना कन्नौद पर अपराध क्रमांक 462/2026 धारा 310(4), 310(5) बीएनएस एवं 25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इसी दिन फरियादी कुलदीप पिता जगदीश जाट, उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम बरबईखेड़ा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 19 जून को तीन अज्ञात व्यक्तियों में से दो व्यक्तियों ने किन्नर का भेष धारण कर स्विफ्ट डिजायर कार से उसके घर पहुंचकर छलपूर्वक चाकू की नोक पर लगभग 1.50 लाख मूल्य के सोने के आभूषण लूट लिए थे।

आरोपियों के भय के कारण तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई थी, लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी की जानकारी मिलने पर फरियादी ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। इस पर थाना खातेगांव में अपराध क्रमांक 451/2026 धारा 3(5), 309(4), 318(4), 319(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन के मार्गदर्शन में एसडीओपी कन्नौद आदित्य तिवारी के निर्देशन में थाना प्रभारी खातेगांव निरीक्षक विजय सिंह लोधी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज तथा मुखबिर सूचना के आधार पर मुख्य आरोपी सोनु उर्फ सुनील पिता लालू नाथ निवासी शिवपुर बड़ोदिया, जिला रतलाम को संदलपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों जीवन, भैरूनाथ, लखन, कैलाश एवं अर्जुन के साथ मिलकर वारदात करना स्वीकार किया तथा उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की गई। विवेचना के दौरान ज्ञात हुआ कि अन्य पांच आरोपी थाना कन्नौद के एक अन्य प्रकरण में गिरफ्तार होकर उप जेल कन्नौद में निरुद्ध हैं। न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट प्राप्त कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सभी आरोपियों ने लूट की वारदात स्वीकार की, जिनके कब्जे से लूटा गया सोने का मश्रुका, घटना में प्रयुक्त हथियार एवं अन्य सामग्री बरामद की गई।



**गिरफ्तार आरोपीगण**

- सोनु उर्फ सुनील पिता लालू नाथ, निवासी शिवपुर बड़ोदिया, जिला रतलाम।
- भैरूनाथ पिता कालूनाथ, निवासी पाढ़ुनीखुर्द, जिला धार।
- जीवन पिता मदननाथ, निवासी मांईदा, जिला धार।
- लखन पिता कैलाशनाथ, निवासी आनंद नगर, संदलपुर, जिला धार।
- अर्जुन पिता कालूनाथ, निवासी बोईंदा, जिला धार।
- कैलाश पिता उमरावनाथ, निवासी बोईंदा, जिला धार।

**बरामद मश्रुका**

- 02 सोने की मालाएं।
- 01 जोड़ी सोने के टॉप्स।
- घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर एवं अल्टो कार।
- 02 धारदार हथियार।

**तरीका-ए-वारदात**

आरोपी किन्नर का भेष धारण कर लोगों को विश्वास में लेते थे तथा सुनसान स्थान अथवा घरों पर पहुंचकर भय दिखाते हुए चाकू की नोक पर लूट की वारदात को अंजाम देते थे।

**सराहनीय भूमिका**

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह लोधी, सहायक उप निरीक्षक जगन्नाथ चावड़े, प्रधान आरक्षक दुर्गेश विश्नोई, आरक्षक सोहन जाट, मनमोहन, महिला आरक्षक आशा यादव तथा साइबर सेल से आरक्षक सोनु एवं आरक्षक युवराज की सराहनीय भूमिका रही।

# भारी बारिश से धंसी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क हरनावदा का संपर्क टूटा

**चार दिन पहले पड़ी थी दरारें**



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

लगातार हो रही भारी बारिश के चलते सोनकच्छ तहसील के हरनावदा देव गांव में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़क मंगलवार रात बीच से धंस गई। सड़क पर कई स्थानों पर गहरी और लंबी दरारें पड़ जाने से आवागमन पूरी तरह बंद हो गया है। सड़क धंसने से गांव का मुख्य संपर्क मार्ग बाधित हो गया है और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।घटना की सूचना मिलते ही संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त सड़क का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने आवागमन बहाल करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने तथा सड़क की मरम्मत के संबंध में आवश्यक कार्रवाई शुरू करने की बात कही।गौरतलब है कि चार दिन पहले शनिवार को हुई तेज बारिश के बाद इसी सड़क पर बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई थीं। ग्रामीणों का कहना है कि उस समय सड़क की स्थिति को लेकर विभाग को जानकारी दी गई थी, लेकिन समय रहते आवश्यक मरम्मत या सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए। मंगलवार रात लगातार बारिश के बीच सड़क का बड़ा हिस्सा धंस गया, जिससे हरनावदा देव गांव तक पहुंचने वाला एकमात्र मार्ग बंद हो गया।ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराने तथा क्षतिग्रस्त सड़क का तत्काल पुनर्निर्माण कराने की मांग की है, ताकि गांव का संपर्क जल्द से जल्द बहाल हो सके।

### कलेक्टर ने दो आरोपियों को एक-एक वर्ष के लिए किया जिलाबदर

**देवास।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋतुराज सिंह ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत आरोपी नीरज पिता धन्नालाल चौहान निवासी खातेगांव एवं राहुल पिता सत्यनारायण निवासी बागली को लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलग्न होने तथा संगीन अपराध पंजीबद्ध होने पर एक-एक वर्ष के लिए जिलाबदर किया है। कलेक्टर ने आदेश दिया है कि आरोपियों को आदेश प्राप्ति के पश्चात 24 घण्टे के भीतर जिला देवास एवं उसके आस पास के सीमावर्ती जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाए।

### छोटी माता मंदिर में बारिश में बढ़ा खतरा

**देवास।** माता टेकरी स्थित छोटी माता मंदिर तक जाने वाली सीढ़ियां जर्जर हो गई हैं। कई जगह सीढ़ियां टूटी हुई हैं और रेलिंग नहीं होने से श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश में फिसलन बढऩे से हादसों का खतरा भी बढ़ गया है। बारिश के कारण कई स्थानों पर सीढ़ियों पर पानी भर जाता है। ग्रेनाइट और मार्बल भी कई जगह से टूट चुके हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं को चढऩे और उतरने में दिक्कत होती है। रेलिंग नहीं होने से संतुलन बिगडऩे पर सहारा भी नहीं मिल पाता। बुधवार को एक श्रद्धालु सीढ़ियों से फिसलकर गिर गया। हादसे में उसके हाथ में चोट आई। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं।

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों पर आयुक्त सख्त अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने मंगलवार को समयावधि पत्रों एवं सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने लंबित शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश देते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को जवाबदेही के साथ कार्य करने को कहा।बैठक में विद्युत खपत से जुड़े बिलों में पावर फैक्टर सुधारने के लिए उपयंत्री पलक श्रीवास्तव को निर्देश दिए गए।

स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा के दौरान मैरिज गार्डनों से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे के पृथक्कीकरण, गंदे पानी की निकासी, कचरा संग्रहण शुल्क तथा गार्बेज चैंबर निर्माण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जीर्णशीर्ण भवनों के संबंध में आयुक्त ने कहा कि जिन भवन मालिकों को नोटिस दिए जा चुके हैं और वे स्वयं भवन नहीं हटाते हैं, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। स्कूल और कॉलेजों के आसपास पान, गुटखा और सिगरेट की दुकानों को हटाने तथा नियमित निगरानी रखने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए। आयोजित हुई बैठक में वर्ष 2024-25 के लोक निर्माण विभाग के लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा कराने तथा कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों की अमानत राशि राजसात करने के निर्देश दिए गए। व्यवसायिक क्षेत्रों से अस्थायी अतिक्रमण हटाने, नई अवैध कॉलोनियों के निर्माण पर सख्ती से कार्रवाई करने और सड़कों के लंबित रेस्टोरेशन कार्य जल्द पूर्ण कराने पर भी जोर दिया गया।अमृत योजना 2.0 के तहत नई जल पाइपलाइन वाले वार्डों में नए नल कनेक्शन देने और पुरानी लाइनों को बंद करने के निर्देश दिए गए। वहीं सीवरेज कनेक्शन कार्यों में धीमी प्रगति पर स्वच्छता निरीक्षकों विजय सांगते एवं हरेंद्रसिंह ठाकुर को चेतावनी दी गई।आयुक्त ने पेयजल की बढ़ती टर्बिडिटी को देखते हुए फिल्टर प्लांट की प्रतिदिन निगरानी करने के निर्देश दिए।

# भौंरासा में जिला पर्यावरण टोली की बैठक संपन्न आगामी तीन माह की कार्ययोजना की तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अंतर्गत कार्यरत जिला स्तरीय पर्यावरण टोली की बैठक स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित की गई। बैठक में आगामी तीन माह के लिए पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरण की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक में प्रांत पर्यावरण सहसंयोजक कैलाश चंद्रावत ने मुख्य वक्ता के रूप में मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर जिला पर्यावरण टोली संयोजक सुरेश पटेल एवं टोंकखुर्द खंड संघचालक भीमसिंह चावड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे।मुख्य वक्ता कैलाश चंद्रावत ने पर्यावरण संरक्षण के आठ प्रमुख आयामों—शैक्षणिक संस्थान, धार्मिक संस्थान, सामाजिक संस्थाएं, बर्तन बैंक, नारी शक्ति, पेड़ उपक्रम, जल उपक्रम, कचरा उपक्रम एवं हरित घर—पर विस्तार से चर्चा करते हुए इनके प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।बैठक में देवास, सोनकच्छ, टोंकखुर्द, पीपलरावां एवं भौंरासा खंड के पर्यावरण टोली के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। स्थानीय पर्यावरण टोली से टोली प्रमुख कन्हैयालाल खाटवा, कमलेश नामदेव, रघुवीर सिंह ठाकुर, किशोर वर्मा, बंशीलाल कारपेंटर, दयाराम यादव, जमनालाल माली, राजेंद्र यादव, अशोक राठौर, कमल माली सहित अन्य पर्यावरण स्वयंसेवक उपस्थित रहे। बैठक में सभी ने पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने का संकल्प लिया।

सफाई कर्मचारी महासंघ के प्रयासों से सफाई कर्मचारियों को मिला हक

# लंबित मांगों को लेकर महासंघ ने तेज किए प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ (4055) ने नगर निगम प्रशासन के समक्ष सफाई कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों को प्रमुखता से उठाते हुए कहा है कि कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए संगठन लगातार संघर्ष करता रहेगा। महासंघ शहर अध्यक्ष शंकर सांगते ने बताया कि निगम सफाई कर्मचारियों को अग्रिम राशि, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सम्मान एवं रिटायरमेंट कार्यक्रम तथा सभी कर्मचारियों को बारीश में रेनकोट वितरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर नगर निगम द्वारा सकारात्मक पहल संगठन के अथक प्रयासों से पूर्ण हुआ।

महासंघ ने इसके साथ ही कर्मचारियों की अन्य महत्वपूर्ण मांगों को भी शीघ्र पूरा करने की मांग की है। इनमें सभी दरोगा साथियों को कुशल श्रमिक का वेतनमान प्रदान करना, एसआई (दरोगा) साथियों को पेट्रोल भत्ता उपलब्ध कराना, शिक्षित कर्मचारियों को उनकी योग्यता के अनुरूप अर्धकुशल वेतनमान एवं सफाई कार्य के अलावा अन्य उपयुक्त कार्यों में अवसर देना शामिल है। महासंघ ने आगामी त्योहारों को देखते हुए सभी सफाई कर्मचारियों के लंबित एरियर का शीघ्र भुगतान करने की भी मांग की है। संगठन का कहना है कि कर्मचारियों की आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए इन मांगों का समय पर निराकरण आवश्यक है। महासंघ ने स्पष्ट किया कि वह समय-समय पर कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों को प्रशासन के समक्ष रखता रहेगा तथा उनके अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करेगा। साथ ही इंदौर में न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय का हवाला देते हुए महासंघ ने कहा कि देवास में भी विनियमित कर्मचारियों को स्थायी वेतन का लाभ दिलाने के लिए पूरे जोर-शोर से प्रयास किए जाएंगे। महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल सफाई कर्मचारियों के हितों की रक्षा करना और उनकी लंबित समस्याओं का समाधान कराना है, जिसके लिए हर स्तर पर प्रयास जारी रहेंगे। नगर निगम आयुक्त दलीप सिंह, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, सीवरेज व जल अध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि विनय सांगते, पार्षद व स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह बैस आदि का संगठन के जिलाध्यक्ष विशाल धोलपुरे, वरिष्ठ अनिल टांक, राजेश सांगते अफसर, ओमप्रकाश फतरोड, रितेश सांगते, शिवा खत्री, अनिस सांगते, अमर सांगते, विशाल सांगते, विकास सांगते, नितिन खत्री, अंकित सांगते, शंकर पवार, मदन पवार, रितेश सांगते, महेश बिरगडे, कृष्णा भैरवे, नितेश सांगते, अमीर खान, जितेन्द्र बंजारे, तिलकराज सांगते, जय सांगते, ब्रजेश सांगते, राकेश सांगते, शोएब, संजू भैरवे, विजय खत्री, अजय घारू, राज नायक, शुभम बाली, आशीष बाली आदि ने सफाई कर्मचारियों के हितों में किए कार्यों पर आभार माना।

# सर्वाधिक मतों से आगे चल रहे भदौरिया का देवास बार एसोसिएशन ने मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद, जबलपुर के चुनाव में सर्वाधिक मतों से आगे चल रहे अधिवक्ता राकेश सिंह भदौरिया का जन्मदिन जिला अभिभाषक संघ, देवास द्वारा हर्षोल्लास के साथ संघ के सभाकक्ष में मनाया गया। इस अवसर पर संघ पदाधिकारियों, वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं ने उनका मोतियों की माला एवं पुष्पमाला पहनाकर अभिनंदन कर शुभकामनाएं दीं तथा युवा अधिवक्ताओं ने माताजी का चित्र भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी। जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष राम प्रसाद सूर्यवंशी ने बताया कि देवास अभिभाषक संघ को भदौरिया पर गर्व है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता परिषद के चुनाव में मिली व्यापक जनस्वीकृति उनकी लोकप्रियता और अधिवक्ताओं के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भदौरिया के नेतृत्व में प्रदेशभर के अधिवक्ताओं के हितों को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान संघ अध्यक्ष राम प्रसाद सूर्यवंशी एवं संघ सचिव चंद्रपाल सिंह सोलंकी (छोटू) ने भदौरिया की देवास अभिभाषक संघ की सदस्यता ग्रहण कराते हुए संघ की रसीद काटकर उन्हें अभिभाषक संघ देवास का सदस्य बनाया। इस अवसर पर संघ उपाध्यक्ष विशाल तिवारी, संघ उपाध्यक्ष जयंती पौराणिक, सह सचिव अशोक गुजराती, कुमारी दीपिका सुनहरी, कोषाध्यक्ष गीता शर्मा, पुस्तकालय सचिव विजय सोनी, सरिता उपाध्याय, राजकुमार श्रीवास्तव, हेमंत शर्मा, प्रदीप भार्गव, प्रकाश शर्मा, पवन रत्न तिवारी, नमन सोनी, हीरो सोलंकी,सोहन सिंह गुर्जर सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे। संघ सचिव चंद्रपाल सिंह सोलंकी (छोटू) ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए भदौरिया को जन्मदिन एवं चुनाव में शानदार बढ़त के लिए शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में अधिवक्ताओं के हितों की प्रभावी पैरवी होगी। अपने संबोधन में राकेश सिंह भदौरिया ने देवास बार एसोसिएशन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अधिवक्ताओं का जो स्नेह और विश्वास मिला है, उसे वे सदैव याद रखेंगे। उन्होंने देवास बार एसोसिएशन के विकास एवं अधिवक्ताओं के हित में कई महत्वपूर्ण सौगातें देने का वादा किया और कहा कि अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान एवं सुविधाओं के विस्तार के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### दैवीय आपदा प्रबंधन समिति के सभापति आज आएंगे

**ललितपुर**। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति के सभापति डा.लालजी प्रसाद निर्मल 9 जुलाई को दो दिवसीय दौरे पर ललितपुर पहुंचेंगे। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार वह सुबह 11 बजे लखनऊ से सड़क मार्ग द्वारा रवाना होकर शाम 5 बजे राज्य अतिथि गृह, ललितपुर पहुंचेंगे, जहां रात्रि विश्राम करेंगे। 10 जुलाई को सुबह 10 बजे स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने के बाद 10.30 बजे जिला प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इसके बाद दोपहर 12.30 बजे डा.आंबेडकर पार्क में आयोजित बांस शिल्पकार सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। दोपहर 3 बजे वह लखनऊ के लिए रवाना होंगे और रात 9 बजे दारुल शफा पहुंचेंगे। कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। सभापति के दौरे के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था एवं वीआईपी प्रोटोकॉल के विशेष इंतजाम किए गए हैं।

### प्लॉट पर कब्जे के विरोध पर लोहे की रॉड से हमला

**ललितपुर**। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महेशपुरा में प्लॉट पर कथित अवैध कब्जे का विरोध करना एक परिवार को भारी पड़ गया। आरोप है कि गांव के ही चार लोगों ने विरोध करने पर महिला और उसकी देवरानी के साथ लोहे की रॉड, लात-घूंसों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना में दोनों महिलाओं को चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम महेशपुरा निवासी शिवकुमारी पत्नी प्रकाश कुमार ने बताया कि 4 जुलाई की सुबह करीब 9 से 9.30 बजे के बीच वह घर पर अकेली थीं। इसी दौरान गांव के जसरथ पुत्र नन्ने, शिशुपाल पुत्र जसरथ, देवसिंह पुत्र नत्थू सिंह और सुभाराम पुत्र नत्थू सिंह उनके प्लॉट पर पहुंचे और कथित रूप से गड्ढा खोदने लगे। जब शिवकुमारी ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने प्लॉट को अपना बताते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध बढऩे पर आरोप है कि चारों ने मिलकर उनके साथ मारपीट की और लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे उनके सिर और शरीर पर चोटें आईं। शोर सुनकर उनकी देवरानी क्रांति पत्नी राजेश कुमार मौके पर पहुंची और बीच-बचाव करने लगी। आरोप है कि आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। घटना के बाद दोनों महिलाओं को चोटिल अवस्था में उपचार कराना पड़ा। आरोप है कि घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद आरोपी 6 जुलाई को फिर उनके घर पहुंचे और परिवार के साथ गाली-गलौज करते हुए धमकी दी कि यदि कानूनी कार्रवाई की गई तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे। पुलिस ने तहरीर पर चारों आरोपियों के एफआईआर दर्ज की है।


### दूध का हलवा और बाजरे की रोटी से मिलेगा रोजगार

**ललितपुर**। स्थानीय पारंपरिक व्यंजनों को बढ़ावा देने और युवाओं को स्वरोजगार से जोडऩे के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार ने जिले में एक जनपद एक व्यंजन (ओडीओसी) वित्त पोषण योजना लागू की है। योजना के तहत जिले के प्रसिद्ध दूध का हलवा और बाजरे की रोटी को चयनित व्यंजन बनाया गया है। उद्योग स्थापित करने वाले पात्र उद्यमियों को बैंक से स्वीकृत ऋण पर नियमानुसार 25 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। उपायुक्त उद्योग अतहर जमाल ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। किसी न्यूनतम शैक्षिक योग्यता की आवश्यकता नहीं है, जबकि आवेदक किसी बैंक का डिफॉल्टर नहीं होना चाहिए और उसने पूर्व में केंद्र या राज्य सरकार की किसी अन्य स्वरोजगार योजना का लाभ न लिया हो। लाभार्थी को परियोजना लागत का 5 से 10 प्रतिशत स्वयं अंशदान भी करना होगा। योजना की विशेषता यह है कि उद्योग स्थापित करने के लिए ऋण की कोई अधिकतम सीमा निर्धारित नहीं की गई है। इच्छुक उद्यमी अपनी आवश्यकता के अनुसार परियोजना तैयार कर बैंक से ऋण प्राप्त कर सकते हैं।

### डीएम के निर्देशन में एसडीएम मनीष कुमार ने राजस्व अभिलेखों की त्रुटि कराई दूर

# एसडीएम ने दिव्यांग बच्चों वाले किसान की सुनी फरियाद, मदद भी दिलवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ललितपुर



**जनता दर्शन में गूंजा मानवता का संदेश**

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में आयोजित जनता दर्शन के दौरान एक ऐसा मामला सामने आया, जिसने प्रशासन की संवेदनशील कार्यशैली को उजागर कर दिया। उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार ने ग्राम आलापुर निवासी किसान विनोद कुमार पुत्र आशाराम की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए न केवल उनकी भूमि से संबंधित राजस्व अभिलेखों की त्रुटि का तत्काल समाधान कराया, बल्कि उनके दो मूक-बधिर बच्चों के उपचार और आवश्यक सहायता की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराई। जनता दर्शन में पहुंचे किसान विनोद कुमार अपने लगभग 9 वर्षीय पुत्र और 7 वर्षीय पुत्री के साथ आए थे। दोनों बच्चे जन्म से ही बोलने और सुनने में असमर्थ हैं। किसान ने एसडीएम को अपनी भूमि संबंधी समस्या और बच्चों के उपचार की कठिनाइयों से अवगत कराया। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम मनीष कुमार ने सबसे पहले किसान के प्रार्थना पत्र पर त्वरित कार्रवाई कराई। जांच में पाया गया कि ग्राम आलापुर स्थित आराजी संख्या 47/1 में किसान का नाम बालकिशन पुत्र आशाराम दर्ज था, जबकि अन्य सभी सरकारी अभिलेखों में उनका सही नाम विनोद कुमार पुत्र आशाराम अंकित था। नियमानुसार तत्काल नाम की दुरुस्ती कराकर खतौनी में सुधार कराया गया। इसके बाद किसान के नाम आराजी संख्या 47/1, रकबा 0.4250 हेक्टेयर भूमि का रिकॉर्ड सही रूप में दर्ज कर दिया गया। भूमि संबंधी समस्या का समाधान होने के बाद एसडीएम ने किसान के दोनों दिव्यांग बच्चों के उपचार की जानकारी लेने के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी से बातचीत की। अधिकारी ने बताया कि दोनों बच्चों की नियमित थैरेपी चल रही है तथा चिकित्सकों को उम्मीद है कि शीघ्र ही एक बच्चे के बोलने की सकारात्मक प्रगति देखने को मिलेगी। इस दौरान एसडीएम ने बच्चों को पौष्टिक खाद्य सामग्री (सुपोषण आहार) भी वितरित कराया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिवार को शासन की दिव्यांगजन कल्याण योजनाओं का पूरा लाभ दिलाया जाए तथा बच्चों के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जनता दर्शन में प्रशासन की इस संवेदनशील पहल की उपस्थित लोगों ने सराहना की। लोगों का कहना था कि राजस्व समस्या का त्वरित समाधान करने के साथ-साथ दिव्यांग बच्चों के उपचार और सहयोग के लिए प्रशासन द्वारा उठाया गया कदम मानवीय संवेदनाओं का उत्कृष्ट उदाहरण है।

### 20 पुलिसकर्मियों के तबादले

# कानून-व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए स्थानांतरण किए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ललितपुर

जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक द्वारा उपनिरीक्षकों, मुख्य आरक्षी एवं आरक्षियों के स्थानांतरण किए गए हैं। 20 पुलिसकर्मियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से सभी स्थानांतरित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं। जारी सूची के अनुसार उपनिरीक्षक विनोद कुमार को थाना जखौरा से चौकी प्रभारी धौर्रा, रोहित सिंह को थाना कोतवाली से चौकी प्रभारी कचनौंदा तथा गुलाम फरीद को थाना कोतवाली से चौकी प्रभारी खितवांस बनाया गया है। तरुण सिंह भदौरिया को चौकी प्रभारी कस्बा तालबेहट से चौकी प्रभारी चिकलौआ, विकास कुमार को थाना तालबेहट से चौकी प्रभारी कस्बा तालबेहट, राजेश नागर को थाना तालबेहट से चौकी प्रभारी नत्थीखेड़ा तथा संजीव धामा को चौकी प्रभारी चिगलौआ से चौकी प्रभारी कैलगुआं की जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्थानांतरण आदेश के तहत कुलदीप राणा को चौकी प्रभारी धौर्रा से चौकी प्रभारी सिविल लाइन, ललित उज्ज्वल को चौकी प्रभारी दैलवारा से चौकी प्रभारी मंडी, योगेश यादव को चौकी प्रभारी मंडी से थाना जाखलौन तथा रामकृपाल को थाना जाखलौन से चौकी प्रभारी कस्बा महरौनी भेजा गया है। इसके अलावा मनोज खान को चौकी प्रभारी कचनौंदा बांध से प्रभारी यक्ष ऐप, अजहर ईशरत को थाना कोतवाली से साइबर क्राइम थाना, मानवेन्द्र सिंह परमार को चौकी प्रभारी कैलगुआं से चौकी प्रभारी दैलवारा तथा शिवजीत सिंह को साइबर सेल से चौकी प्रभारी तेरई फाटक नियुक्त किया गया है। मुख्य आरक्षी एवं आरक्षियों में मुख्य आरक्षी कृष्णकांत को यूपी-112 से साइबर थाना में हेड मुख्य आरक्षी, आरक्षी पुष्पेन्द्र भदौरिया को पुलिस लाइन से थाना बार, आरक्षी विक्रम यादव को पुलिस लाइन से थाना जखौरा, आरक्षी शमशाद खान को पुलिस लाइन से साइबर थाना तथा आरक्षी शिवा मौर्या को सम्मन सेल से डीसीआरबी स्थानांतरित किया गया है।

**क्षेत्राधिकारियों के भी कार्यक्षेत्र बदले**

पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारियों (सीओ) के कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। जारी आदेश के तहत तीन क्षेत्राधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। जारी स्थानांतरण आदेश के अनुसार क्षेत्राधिकारी अजय कुमार को क्षेत्राधिकारी पाली के पद से स्थानांतरित कर क्षेत्राधिकारी सदर बनाया गया है। वहीं क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव को क्षेत्राधिकारी मड़ावरा से स्थानांतरित कर क्षेत्राधिकारी पाली की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार अग्रहरि को क्षेत्राधिकारी मड़ावरा का कार्यभार सौंपा गया है।

### शादी समारोह से लौट रहे थे युवक

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो घायल, एक ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ललितपुर

शहर कोतवाली क्षेत्र में झांसी-ललितपुर हाईवे स्थित नवीन गल्ला मंडी के पास हुए सड़क हादसे में एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मृतक के भाई की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने ट्रक चालक के विरुद्ध बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। ग्राम बरखिरिया, थाना बार निवासी उमेद पुत्र मठू ने बताया कि उनका भाई विनोद अपने रिश्तेदार रघुवीर निवासी ग्राम वरेठ के साथ मोटरसाइकिल संख्या यू.पी. 94 ए.ई. 9018 से ललितपुर में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने आया था। 23 जून 2026 की रात करीब 12 बजे दोनों वापस अपने गांव लौट रहे थे। आरोप है कि जब उनकी मोटरसाइकिल नवीन गल्ला मंडी के पास सोनालिका ट्रैक्टर एजेंसी के सामने पहुंची, तभी पीछे से आ रहे ट्रक संख्या यू.पी. 94 ए.टी. 4345 के चालक ने तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए बिना किसी संकेत के अचानक गलत दिशा में मोड़ दिया। ट्रक का पिछला हिस्सा मोटरसाइकिल से टकरा गया, जिससे दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल ललितपुर पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद विनोद की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार न होने पर चिकित्सकों ने परिजनों को घर ले जाकर देखभाल करने की सलाह दी। परिजन जब एम्बुलेंस से विनोद को घर लेकर लौट रहे थे।

### शिक्षकों के साथ शिक्षामित्र, अनुदेशक, रसोईया, वार्डन भी लाभान्वित हुए

# बेसिक व माध्यमिक शिक्षकों को मिली 5 लाख रुपए की वार्षिक केसलेस चिकित्सा सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ललितपुर

शासन के निर्देशानुसार माध्यमिक शिक्षा एवं बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों एवं बेसिक शिक्षा परिषदीय शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेश चिकित्सा एव डीबीटी वितरण समारोह का आयोजन बुधवार को कल्याण सिंह सभागर में किया गया, कार्यक्रम जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें राज्य मंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिशचन्द्र रावत, नगर पालिका अध्यक्षा सोनाली जैन, सांसद प्रतिनिधि अनिल पटैरिया, शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी तथा भाजपा जिला महामंत्री गौरव गौतम की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी का बुके भेंट कर स्वागत किया गया।

वाराणसी के हस्तकला केन्द्र में आयोजित मुख्यमंत्री के मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया, मा0 मुख्यमंत्री जी ने बाबा विश्वनाथ की धरा से प्रदेश को सम्बोधित करते हुए कहा कि 05 लाख रुपए की सबार्षिक केसलेस चिकित्सा सुविधा से आज प्रदेश के 12 लाख शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, रसोईया, वार्डन लाभान्वित हो रहे हैं, इसके साथ ही आज परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को उनके बैग, यूनिफार्म, पुस्तकें, जूता-मोजा आदि के लिए भी धनराशि अंतरित की गई है।उन्होंने कहा कि शिक्षकों के स्वास्थ्य की चिंता प्रदेश सरकार को है, इसलिए शिक्षकों व उनके परिवार के लिए यह योजना लॉच की गई है। इसके उपरान्त कल्याण सिंह सभागार में स्कूली बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में मा0 जनप्रतिनिधिगणों व जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा माध्यमिक शिक्षा के 10 एवं बेसिक शिक्षा के 10 शिक्षकों को चिकित्सा कार्ड प्रदान किये गए।

### एसपी से लगाई न्याय की गुहार

# पुलिसकर्मी समेत तीन पर दीवार गिरवाकर कब्जे का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ललितपुर

थाना नाराहट क्षेत्र के ग्राम नाराहट से जमीन विवाद और कथित पुलिसिया दबाव का मामला सामने आया है। गांव निवासी ग्यासी कुशवाहा पुत्र श्याम ने पुलिस विभाग में तैनात एक कांस्टेबल एवं उसके भाइयों पर धोखे से अपनी दीवार गिरवाने, वादा पूरा न करने, अवैध कब्जे की कोशिश करने तथा विरोध करने पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक ललितपुर को शिकायती पत्र देकर निष्पक्ष जांच, एफआईआर दर्ज करने और परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

बताया गया है कि 15 मई 2026 को गांव के देशराज, हरगोविंद और रामचरण पुत्रगण कोमल कुशवाहा अपने पुराने मकान को गिराने के लिए जेसीबी लेकर आए थे। उनके साथ पुलिस विभाग में कांस्टेबल के पद पर तैनात मुकेश कुशवाहा भी मौजूद था। रास्ता संकरा होने के कारण जेसीबी अंदर नहीं जा पा रही थी। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने ग्यासी कुशवाहा से उसकी दीवार हटाने का अनुरोध किया और भरोसा दिलाया कि बदले में 20 हजार रुपये दिए जाएंगे अथवा नई दीवार बनवा दी जाएगी। आरोप है कि भरोसे में आकर उसने अपनी दीवार गिराने की अनुमति दे दी, लेकिन दीवार टूटने के बाद न तो उसे कोई आर्थिक सहायता मिली और न ही नई दीवार का निर्माण कराया गया। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि 10 जून 2026 को आरोपियों ने उसकी अनुपस्थिति में उसकी जमीन से सटकर उत्तर दिशा में गहरी खाई खोद दी, जिससे उसके निर्माणाधीन मकान की नींव को खतरा उत्पन्न हो गया। जब 17 जून 2026 को उसने अपनी दीवार की नींव रखने का प्रयास किया तो आरोपी पक्ष ने इसका विरोध किया। पीड़ित का कहना है कि कांस्टेबल मुकेश कुशवाहा ने अपने पद का रौब दिखाते हुए उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। आरोप है कि आरोपी लाठी-डंडों से लैस होकर पहुंचे, गाली-गलौज की, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। ग्यासी कुशवाहा का आरोप है कि उसने इस मामले की शिकायत 17 जून, 18 जून, 19 जून तथा 1 जुलाई 2026 को थाना नाराहट में की थी, लेकिन पुलिस विभाग में आरोपी के तैनात होने के कारण स्थानीय स्तर पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।

### अभा क्षत्रिय महासभा की शोकसभा आयोजित

**ललितपुर**। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की शोक सभा संगठन कार्यालय पर जिलाध्यक्ष बृजेंद्र सिंह परमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। सुखपाल सिंह राजा भैया के पिता एवं ग्राम प्रधान जमालपुर नन्हे राजा, दीपेंद्र सिंह के पिता राम सिंह बुंदेला (डुलावन) तथा दौलत सिंह मेजर राजा (सिलगन) की पूज्य माता नन्ना जू के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से शोकाकुल परिवारों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। मुन्ना सिंह चौहान, मुलायम सिंह बैंस, राघवेंद्र सिंह बघेल, भगवत सिंह बैस, जगदीश सिंह परमार सहित अभा क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### कसाई मंडी में हवाई फायरिंग से दहशत युवक को जान से मारने की धमकी दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ललितपुर

शहर कोतवाली क्षेत्र के कसाई मंडी मोहल्ले में मंगलवार रात एक युवक द्वारा कथित रूप से हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाने और एक परिवार को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। घटना के बाद क्षेत्र में भय का माहौल बन गया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कसाई मंडी निवासी फैजल पुत्र आबाद ने बताया कि मंगलवार को उनके ही मोहल्ले का रहने वाला मोहसिन उर्फ मनिया पुत्र सलीम पहली बार उनके घर के बाहर पहुंचा और परिजनों से उनके बारे में पूछताछ करने लगा। इसके बाद आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार किया और वहां से चला गया। कुछ देर बाद आरोपी दोबारा उनके घर के बाहर आया और फिर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर चला गया। इसके बाद भी उसका आक्रामक रवैया नहीं थमा। तहरीर के मुताबिक रात करीब 9.30 बजे आरोपी तीसरी बार फैजल के घर के सामने पहुंचा। इस दौरान उसने फिर से गाली-गलौज की और कथित रूप से दहशत फैलाने के उद्देश्य से हवा में फायरिंग कर दी। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए, लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गया।

### स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए सड़क पर उतरी पुलिस

# मिशन सेफ फ्यूचर में स्कूल वाहनों की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ललितपुर



स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ललितपुर यातायात पुलिस ने बुधवार को मिशन सेफ फ्यूचर अभियान के तहत शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों एवं तिराहों पर स्कूली वाहनों का सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान स्कूल बसों एवं अन्य स्कूली वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था, तकनीकी मानकों और आवश्यक दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई। यह अभियान पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी के नेतृत्व में संचालित किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि स्कूली बच्चों को ले जाने वाले सभी वाहन शासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से पालन करें। चेकिंग के दौरान यातायात पुलिस ने वाहनों में सीसीटीवी कैमरे, जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम, अग्निशमन यंत्र और फर्स्ट एड बॉक्स की उपलब्धता की जांच की। इसके अलावा यह भी देखा गया कि वाहनों में स्पीड गवर्नर लगा है या नहीं तथा उसकी अधिकतम गति निर्धारित 40 किलोमीटर प्रति घंटा तक सीमित है या नहीं। पुलिस ने वाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप, खिड़कियों पर क्षैतिज ग्रिल तथा आपातकालीन निकास द्वार (इमरजेंसी एग्जिट) जैसी सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। साथ ही वाहन के आगे और पीछे स्कूल बस अंकित होने, विद्यालय का नाम और मोबाइल नंबर स्पष्ट रूप से लिखे होने की भी जांच की गई। अभियान के दौरान स्कूल वाहनों के फिटनेस प्रमाणपत्र, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र (पीयूसी), वैध परमिट तथा चालक के ड्राइविंग लाइसेंस की भी गहन जांच की गई।

### एसपी मो. मुश्ताक ने साइबर क्राइम थाने का निरीक्षण किया

# हेल्पलाइन की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ललितपुर



पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने मंगलवार को साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और पीड़ितों को त्वरित राहत दिलाने के उद्देश्य से साइबर क्राइम थाना का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना कार्यालय, अभिलेखों, आगंतुक रजिस्टर, साइबर हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर लंबित शिकायतों तथा थाना परिसर की साफ-सफाई का गहन निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव और लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध से जुड़ी प्रत्येक शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए नियमानुसार त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा सभी मामलों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण किया जाए। एसपी मो. मुश्ताक ने निर्देश दिए कि साइबर फ्रॉड की शिकायत मिलते ही गोल्डन आवर का पूरा लाभ उठाते हुए संबंधित बैंक, वॉलेट, यूपीआई और अन्य वित्तीय संस्थानों से समन्वय स्थापित कर अधिकतम धनराशि होल्ड कराई जाए और पीड़ितों को यथाशीघ्र वापस दिलाई जाए। उन्होंने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) एवं हेल्पलाइन 1930 पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने साइबर अपराधियों के खिलाफ तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा अंतरजनपदीय और अंतरराज्यीय साइबर गिरोहों के विरुद्ध समन्वित अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। पुलिस अधीक्षक ने आमजन को डिजिटल अरेस्ट, निवेश के नाम पर ठगी, पार्ट-टाइम जॉब, केवाईसी अपडेट, ओटीपी साझा करने, फर्जी कस्टमर केयर कॉल सहित विभिन्न ऑनलाइन साइबर ठगी के तरीकों के प्रति नियमित जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही साइबर अपराधों की रोकथाम का सबसे प्रभावी माध्यम है। निरीक्षण के दौरान एसपी ने यह भी निर्देशित किया कि साइबर हेल्प डेस्क पर आने वाले प्रत्येक फरियादी के साथ संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार किया जाए तथा उनकी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही प्रत्येक साइबर प्रकरण की विवेचना में आधुनिक तकनीकी साक्ष्यों का प्रभावी उपयोग करते हुए गुणवत्तापूर्ण जांच कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## मंत्री टेटवाल ने किया शुभारंभ, 'सेफ क्लिक 2.0' साइबर सुरक्षा जागरुकता मैराथन आयोजित

# सतर्क रहकर समाज को साइबर क्राइम मुक्त बनाने का संकल्प




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मंगलवार को सारंगपुर में 'सेफ क्लिक 2.0' साइबर सुरक्षा अभियान के अंतर्गत आयोजित जागरूकता मैराथन में विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं नगरवासियों के साथ सहभागिता कर साइबर सुरक्षा का संदेश दिया।

प्रातः 7 बजे बस स्टैंड से शुरू हुई मैराथन नया पूरा तक पहुंची और पुनः बस स्टैंड पर आकर संपन्न हुई। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों, पुलिस अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, पार्टी कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने मैराथन में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं सहभागिता करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है। ऑनलाइन ठगी से बचाव, डिजिटल लेनदेन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों तथा सुरक्षित इंटरनेट उपयोग की जानकारी प्रत्येक नागरिक तक पहुंचना जरूरी है। जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है और सभी लोगों को स्वयं सतर्क रहने के साथ-साथ दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए। इस अवसर पर उप निरीक्षक दीपक परमार, एसआई आनंदीलाल भिलाला सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं जवान, शिक्षकगण, गणमान्य नागरिक सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। सभी के सहयोग एवं सहभागिता से यह जनजागरूकता अभियान सफल एवं प्रेरणादायी रहा। अंत में सभी लोगों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं सतर्क रहेंगे, सुरक्षित रहेंगे तथा साइबर अपराध मुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएंगे।

### साइबर जागरुकता मैराथन आयोजित, विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी से बचाव के बताए उपाय



**खुजनेर।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे "सेफ क्लिक 2.0" साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत मंगलवार को थाना खुजनेर पुलिस ने मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल में साइबर अवेयरनेस मैराथन रेस का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना था, कार्यक्रम में थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने छात्र-छात्राओं और विद्यालय स्टाफ को ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी लिंक, ओटीपी फ्रॉड, बैंकिंग ठगी, डिजिटल अरेस्ट तथा सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले साइबर अपराधों से बचने के महत्वपूर्ण उपाय बताए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर पीड़ित व्यक्ति तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें। मैराथन में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा संबंधी पंपलेट वितरित किए गए और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने की शपथ भी दिलाई गई थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने बताया कि "सेफ क्लिक 2.0" अभियान के तहत क्षेत्र में लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### ग्राम पंचायतों में साइबर सुरक्षा पर दिया जोर, सरपंचों को 1930 हेल्पलाइन व सीसीटीवी लगाने के दिए निर्देश



**खुजनेर।** थाना खुजनेर परिसर में थाना क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में "सेफ क्लिक 2.0" साइबर सुरक्षा अभियान के तहत साइबर अपराधों की रोकथाम और ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सरपंचों को साइबर ठगी, ऑनलाइन धोखाधड़ी एवं अन्य साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें तथा संबंधित मामलों की समय पर शिकायत दर्ज कराएं। इसके साथ ही सभी सरपंचों से अपने-अपने ग्राम पंचायत क्षेत्रों में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाने की अपील की गई, ताकि आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखी जा सके और आए दिन होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके बैठक में थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने कहा कि जनसहभागिता और तकनीक के समन्वय से ही साइबर अपराधों और अन्य आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। सभी सरपंचों ने अभियान में सहयोग देने और अपने-अपने गांवों में लोगों को जागरूक करने का भरोसा दिलाया।

## पुलिस विभाग ने सेफ क्लिक 2.0 के तहत मैराथन दौड़ कराई, दौड़ में अव्वल विधार्थियों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

पुलिस विभाग के तत्वावधान में नगर में सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। थाना प्रभारी होकम चंद मीणा एवं थाना प्रभारी आदित्य सोनी माचलपुर ने प्रातः नगर के आवास कॉलोनी स्थित स्टेडियम ग्राउंड से साइबर जागरूकता मैराथन दौड़ कराई। जहां पर विधायक हजारीलाल दांगी ने हरी झंडी दिखाकर युवा वर्ग एवं विधार्थियों को रवाना किया।





इस दौरान विधायक हजारीलाल दांगी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, पूर्व नपाध्यक्ष बलराम टांक, डॉ रामचरण किरार, भगवानसिंह तोमर बटावदा, लखनसिंह तोमर, रमेशचंद्र शर्मा, नगर अध्यक्ष देवकीनंदन जमीदार, वरिष्ठ समाजसेवी दिनेश जमींदार, राजेश राठौर, डा. बीएल गुर्जर, सुजान गुर्जर, कमल झावा, रायल स्कूल अरविंद बंसल, नगर परिषद सीएमओ देवनारायण दांगी, रमेशचन्द्र मालवीय, एस आई संतोष सिंह ,एस आई आदित्य सोनी,एएसआई शिवहरे सहित , अधिकारी कर्मचारी पत्रकारों की मौजूदगी में चार सो मीटर दोड़ कराई , जिसमें फिजिकल एकेडमी , रॉयल हाइट्स स्कूल के विधार्थी सहित नगर के नागरिको ने भाग लिया। इसके उपरांत स्टेडियम से मैराथन दौड़ नगर के इंदर चैराहा तक लगाई गई। चार सो मीटर दोड़ में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय रहे बालक बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। स्टेडियम ग्राउंड में जीरापुर फिजिकल एकेडमी के राम कैलाश दांगी के नेतृत्व में युवाओं की दौड़ लगाई गई। जिसमें प्रथम सुमित मेवाड़, द्वितीय नितेश राठौर तृतीय मुकेश दांगी आया। वहीं फिजिकल एकेडमी की बालिकाओं की दौड़ में प्रथम रंजना दांगी, सेकंड मंजू दांगी, थर्ड नैना दांगी आई, वही रॉयल हाइट्स हायर सेकेंडरी स्कूल के बालकों की दौड़ में प्रथम भगवान दांगी, द्वितीय पियूष कलोसिया, तृतीय दक्ष गुप्ता आया। यह मैराथन स्टेडियम से इंदर चैराहा पहुंची। निर्धारित मार्ग पर बच्चों, युवाओं, और वरिष्ठ नागरिकों और पुलिसकर्मियों ने साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए पूरे जोश के साथ दौड़ लगाई। इस दौरान उन्होंने 'सेफ क्लिक, सुरक्षित जीवन' का संदेश भी दिया।

### भाजपा की संयुक्त मासिक बैठक

## जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं: विधायक मोहन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर के मार्केटिंग सोसायटी परिसर में मंगलवार को कुरावर एवं झाड़ला भाजपा मंडलों की संयुक्त मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं, किसानों, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं गरीब परिवारों के हित में अनेक जनहितकारी योजनाएं संचालित कर रही है। प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि पात्र हितग्राहियों तक इन योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराए तथा सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाकर आमजन से निरंतर संपर्क बनाए रखे। बैठक को भाजपा जिला उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर मीणा, मंडल अध्यक्ष रवि मीणा, डॉ. दिनेश मंडलोई एवं नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया। इस दौरान सोशल मीडिया प्रभारी आनंद वर्मा ने कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्रमाण-पत्र की प्रक्रिया एवं उसके उपयोग की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री लखन राजपूत ने किया, जबकि मंडल उपाध्यक्ष राजू जामलिया ने आभार व्यक्त किया। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, मंडल एवं विभिन्न मोर्चा-प्रकोष्ठों के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अमले की मनमानी से अंचल के रहवासी गर्मी से जूझने के लिए हो रहे मजबूर, काट दी लाइट

## छत भरने 4 घंटे बिजली बंद, ऑपरेटर-सुपरवाइजर के अलग-अलग बयान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर




विद्युत मंडल द्वारा उपभोक्ता के साथ जमकर मनमानी की जा रही हैं। बिजली बिल मनमानी, बिजली कटौती और बिजली सुधार के नाम पर मनमानी लुट मचा रखी हैं। इसके लिए हाल ही में नगर में एक बड़ा आंदोलन किया गया, इसके बाद भी अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे है। फिर ऐसा ही एक मामला मंगलवार को उजागर हुआ, जिसमे नगर के सदर बाजार क्षेत्र में एक मकान की छत (लेंटर) भराई के दौरान सुरक्षा कारणों से विद्युत विभाग द्वारा करीब चार घंटे तक बिजली आपूर्ति बंद रखने से आसपास के कई मोहल्लों के रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह लगभग 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली बंद रहने से भीषण उमस और गर्मी के बीच छोटे बच्चों, बुजुर्गों एवं मरीजों को विशेष रूप से कठिनाई हुई।

जानकारी के अनुसार सदर बाजार में एक मकान का निर्माण कार्य चल रहा था। मकान के सामने से विद्युत लाइन गुजरने के कारण छत भराई के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पुरानी सब्जी मंडी वार्ड क्रमांक 4 के ट्रांसफार्मर से बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। इसके चलते सदर बाजार, बोहरा वाड़ी, बनियावाड़ी, बड़ी होली, देव कुआं मार्ग सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। स्थानीय रहवासी हुसैन अब्बास ने आरोप लगाया कि उनके पिता का हाल ही में बायपास ऑपरेशन हुआ है। लंबे समय तक बिजली बंद रहने से उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बिजली किसी तकनीकी खराबी के कारण नहीं, बल्कि मकान की छत भराई के लिए पैसे लेकर बंद की गई थी। इस संबंध में विद्युत विभाग के कंट्रोल रूम ऑपरेटर राजेश बादल ने बताया कि संबंधित मकान मालिक द्वारा आवेदन दिए जाने के बाद सुरक्षा की दृष्टि से बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद की गई थी, ताकि निर्माण कार्य के दौरान कोई दुर्घटना न हो। वही दो दिन पहले भी एक मकान मालिक ने अपने प्लाट में बोरिंग लगवाने के लिए भी कुछ समय के लिए लाइट बंद करवाई थी। विद्युत बंद होने के बाद प्रभावित क्षेत्रों के रहवासियों ने मांग की है कि भविष्य में यदि किसी निर्माण कार्य के लिए बिजली बंद करनी हो तो विभाग पहले से सार्वजनिक सूचना जारी करे।

**बोले जिम्मेदार**

क्षेत्र में विद्युत संबंधी कार्य चल रहा था, जिसके कारण बिजली आपूर्ति बंद रखी गई थी।
- उमेश मिश्रा, कनिष्ठ यंत्री (जेई) विद्युत विभाग सारंगपुर।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में आवेदन होंगे 31 तक

**ब्यावरा।** किसानों की खरीफ फसलों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ फसलों के बीमा करने का आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। किसान निर्धारित तिथि से पूर्व आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्राकृतिक आपदाओं, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, बाढ़, सूखा, कीट एवं रोगों से फसल को होने वाले नुकसान की स्थिति में किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। योजना के अंतर्गत किसान ऑनलाइन पीएमएफबीवाई पोर्टल के फार्मर कॉर्नर के माध्यम से अथवा ऑफलाइन निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) एवं बैंक शाखा में आवेदन कर सकते हैं। योजना में आवेदन के लिए आधार कार्ड, भूमि संबंधी दस्तावेज, बैंक पासबुक तथा आवश्यक होने पर बुवाई प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होगी। आवेदन प्रक्रिया के तहत किसानों को पीएमएफबीवाई पोर्टल पर पंजीयन कर आवश्यक जानकारी दर्ज करनी होगी, दस्तावेज अपलोड करने होंगे तथा निर्धारित प्रीमियम राशि जमा करनी होगी। आवेदन के बाद प्राप्त आवेदन संख्या को सुरक्षित रखना आवश्यक है।योजना के अंतर्गत खरीफ फसलों के लिए किसानों को अधिकतम 2 प्रतिशत, रबी फसलों के लिए 1.5 प्रतिशत तथा व्यावसायिक एवं उद्यानिकी फसलों के लिए 5 प्रतिशत प्रीमियम का भुगतान करना होगा। शेष प्रीमियम राशि का वहन शासन द्वारा किया जाता है।

### कई कार्यक्रम संपन्न

## विद्यार्थियों के प्रवेश उपरांत हुआ दीक्षांत समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ हिमांशु चाष्टा की अध्यक्षता में नवीन सत्र 2026-27 में प्रवेशित विद्यार्थियों के प्रवेश उपरांत दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमें नवीन सत्र में प्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें नई शिक्षा नीति के बारे में विस्तार से समझाया गया एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, एनएसएस, एनसीसी एवं खेलकूद से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इसी के साथ विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों जैसे पोस्ट मैट्रिक, सेंट्रल सेक्टर, गांव की बेटी, आवास योजना, मुख्यमंत्री मेधावी एवं मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। जहां पर ग्रंथपाल प्रो पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार के द्वारा पुस्तकालय एवं ई लाइब्रेरी की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रभारी प्रो भुवनेश कुमार गुप्ता, प्रो अंकित ठाकुर, प्रो दिव्यांशु शर्मा, प्रो पितृस धुर्वे, डॉ ओमप्रकाश गुप्ता, डॉ रश्मि सोनी, डॉ वंदना चुटेल, डॉ बीरम वर्मा, डॉ मनोहर सिंह परमार, प्रो हेमेंद्र सिंह फौजदार, प्रो ललित शर्मा, प्रो कनिज अंसारी, प्रो मुकेश कुमार सेन, डॉ कपिल वैष्णव,रोहित मालवीय, प्रो दिनेशकुमार दांगी सहित समस्त महाविद्यालय स्टॉफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## जनसुनवाई में पहुंचे 156 आवेदन की मौके पर सुनी गई समस्यााएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला मुख्यांलय पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्यायओं को लेकर 156 आवेदन प्राप्त हुए है। जिनका निराकरण के लिए कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टयर प्रतापसिंह चैहान, संयुक्तप कलेक्टर विरेन्द्र सिंह दांगी, अनुविभागीय राजस्वप अधिकारी श्रीमती निधि भारद्वाज, डिप्टीय कलेक्टर डॉ. ज्योनति राजोरे सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

जनसुनवाई में ग्रामछायन निवासी घीसा ने बताया कि आवेदक और आवेदक की पत्नि को वृद्धावस्थाा पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा हैं। पूर्व में वृद्धावस्थ्ा पेंशन योजना का लाभ मिला रहा था। परन्तु किसी कारणवश अब मिलना बंद हो गई हैं। कलेक्टेर द्वारा सामाजिक न्या य विभाग को आवश्यरक कार्यवाही के निर्देशित किया गया। ग्राम बहादुर पुरा निवासी बैजनाथ सिंह ने बताया कि आवेदक को पूर्व में किसान सम्मागन निधि की राशि मिला करती हैं। परन्तु किसी कारण वश अब किसान सम्मा्न निधि का लाभ मिलना बंद हो गया हैं। कलेक्टर द्वारा तहसीलदार ब्याण्वरा को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। ग्राम ताजपुर निवासी हरिओम ने बताया कि आवेदक बहुत गरीब हैं। आवेदक के पास कच्चाा मकान हैं। आवेदक को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा हैं। कलेक्टर द्वारा सीईओ जनपद नरसिंहगढ़ को जांच दल गठित कर आवश्याक कार्यवाही के लिए बोला गया। ग्राम उमरिया निवासी सोभानसिंह ने बताया कि आवेदक के निज निवास ग्राम में महात्मा गांधी राष्ट्री य ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कुंआ निर्माण किया गया। परन्तु आवेदक को उक्त कपिल धारा कूप निर्माण की राशि नहीं मिली हैं। आवेदक को काफी परेशानिया हो रही हैं। कलेक्ट्र द्वारा सीईओ जनपद नरसिंहगढ़ को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिली आधुनिक स्वास्थ्य परीक्षण मशीन, अब मरीजों की विभिन्न जांचें होंगी

## राज्यमंत्री टेटवाल ने विधायक निधि से प्रदत्त मशीन का सांसद नागर के साथ किया लोकार्पण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल एवं सांसद रोडमल नागर ने पचोर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विधायक निधि से प्रदत्त आधुनिक स्वास्थ्य परीक्षण मशीन का लोकार्पण किया।

इस अत्याधुनिक मशीन के शुरू होने से क्षेत्र के हजारों मरीजों को विभिन्न प्रकार की आवश्यक स्वास्थ्य जांच उपलब्ध हो सकेगी। इससे मरीजों को समय पर जांच, बेहतर उपचार तथा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा और उन्हें निजी जांच केंद्रों पर अतिरिक्त आर्थिक भार भी नहीं उठाना पड़ेगा। लोकार्पण कार्यक्रम के बाद राज्यंमंत्री श्री टेटवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को समय पर उपचार, आवश्यक जांच तथा सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध दवाइयों के स्टॉक का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि किसी भी आवश्यक दवा की कमी न रहे तथा मरीजों को सभी दवाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। निरीक्षण के दौरान श्री टेटवाल अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से भी मिले। उन्होंने मरीजों का हालचाल जाना, उपचार व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में उनसे संवाद किया। मरीजों से प्राप्त सुझावों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए।इस अवसर पर राज्य मंत्री (स्वयतंत्र प्रभार) श्री टेटवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आधुनिक स्वास्थ्य परीक्षण मशीन की स्थापना से पचोर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को समय पर जांच की सुविधा मिलेगी, जिससे गंभीर बीमारियों का शीघ्र पता लगाकर प्रभावी उपचार संभव होगा।